भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. 3826
सोमवार, 24 मार्च, 2025/03 चैत्र, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक संवर्द्धन अभियान के अंतर्गत मां शाकंभरी देवी सिद्धपीठ का विकास

3826. श्री इमरान मसूद:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि सरकार का तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक संवर्द्धन अभियान (प्रसाद) योजना में नए स्थलों को शामिल करने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार का उक्त योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में मां शाकंभरी देवी सिद्धपीठ और रायपुर जिले में खानकाह हजरत रायपुरी को विकसित करने का विचार है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क): पर्यटन मंत्रालय "तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान" (प्रशाद) नामक योजना के तहत चिह्नित तीर्थ स्थलों पर पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए राज्य सरकारों और संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है। इस योजना के तहत परियोजनाओं को राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों के परामर्श से विकास के लिए चिह्नित किया जाता है।

(ख) और (ग): उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले के मां शाकंभरी देवी सिद्धपीठ और रायपुर जिले के खानकाह हजरत रायपुरी को प्रशाद योजना के तहत विकसित करने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है क्योंकि उत्तर प्रदेश सरकार से निर्धारित प्रारूप में ऐसा कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है। तथापि, उत्तर प्रदेश सरकार ने सूचित किया है कि उनके द्वारा सहारनपुर के मां शाकंभरी देवी सिद्धपीठ के विकास के लिए 10355.95 लाख रु. की 11 परियोजनाओं को पहले ही मंजूरी दी जा चुकी है।

*****